झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

10 Sep 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 10 सितंबर का इतिहास

- **1996 :** संयुक्त राष्ट्र आम सभा में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि 3 के मुकाबले 158 मतों से स्वीकृत, भारत सहित तीन देशों द्वारा संधि का विरोध किया।
- **1966 :** संसद ने पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी दी।
- **2008 :** सर्वोच्च न्यायालय ने उपहार अग्निकांड मामले में दोषी ठहराये गए अंसल बंधुओं की जमानत रद्द की।
- **1973 :** सेंट्रल लंदन में बम धमाके हुए।
- **1914 :** फ्रांस एवं जर्मनी के बीच मार्ने का युद्ध समाप्त हुआ।

## 10 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय वायु सेना चीन और पाकिस्तान पाकिस्तान सीमाओं पर मेगा सैन्य अभ्यास त्रिशुल आयोजित किया गया। यह अभ्यास 4 से 14 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा और नई दिल्ली में 8 से 10 सितंबर तक होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन के अनुरूप होगा। इस अभ्यास में आवश्यक घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी, जिसमें फ्रंटलाइन लड़ाकू जेट, हमलावर हेलीकॉप्टर, मध्य हवा में ईंधन भरने की क्षमता और अन्य महत्वपूर्ण वायु संसाधन शामिल होंगे। यह अभ्यास लद्दाख, हिमालच प्रदेश, जम्मू कश्मीर के साथ-साथ पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री ने मेटा के साथ शिक्षा से उद्यमिता छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की एक पीढ़ी को सशक्त बनाना शीर्षक से तीन साल की साझेदारी शुरू की। साझेदारी के हिस्से के रूप में मेटा और एनआईईएसबीयूडी, एआईसीटीई ओर सीबीएसई के बीच तीन आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया गया हैं। डिजिटल कौशल को जमीनी स्तर पर ले जाने के लिए शिक्षा से उद्यमिता साझेदारी गेम चेंजर साबित होगी। यह प्रतिभाशाली समूह की क्षमता निर्माण में मदद करेगा और छात्रों, युवाओं, कार्यबल ओर सूक्ष्म उद्यमियों को भविष्य की प्रौद्योगिकियों से जोड़ेगा।
- अमेरिका में एलईडी लाइटिंग को लेकर एक शोध अध्ययन जारी किया गया। इसके अनुसार एलईडी लाइटिंग को अपनाने से कम बिजली का उपयोग करके पैसे की बचत हो सकती हैं। लेकिन इनसे बढ़ते प्रकाश प्रदूषण के कारण आसमान में तारों को दिखना कठिन हो रहा हैं। यह अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसके अनुसार इनके प्रकाश से रात का आसमान हर साल 10% अधिक चमकीला हो रहा है, जिससे प्रकाश प्रदूषण बढ़ रहा है।
- मारूत ड्रोन का एजी-365S ड्रोन, दोहरे उपयोग के लिए पहला डीजीसीए प्रमाणित ड्रोन बन गया हैं। इस ड्रोन को कृषि व ड्रोन पायलट प्रशिक्षण में उपयोग के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशक का यह प्रमाणन प्राप्त हुआ हैं। कंपनी के मुताबिक यह डीजीसीए अनुमोदित प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाला देश का पहला बहु-उपयोगिता कृषि लघु श्रेणी का ड्रोन है।
- शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और भारत भर में कक्षाओं में रचनात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सॉफ्टवेयर दिग्गज एडोब के साथ हाथ मिलाया हैं। यह अभूतपूर्व सहयोग एडोब एक्सप्रेस के उपयोग के माध्यम से छात्रों और शिक्षकों के बीच रचनात्मक अभिव्यक्ति और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना चाहता है, जो एडोब द्वारा विकसित एक एप्लिकेशन हैं। लगभग 20 मिलियन छात्रों तक पहुंचने ओर 500,000 शिक्षकों को कुशल बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में शिक्षा परिदृश्य में क्रांति लाना है।
- दूरसंचार विभाग ने सिम कार्ड की बिक्री के लिए नए नियमों की घोषणा की है। ये नियम धोखाधड़ी वाले फोन कॉल के साथ-साथ मैसेजों सहित व्यापक दूरसंचार धोखाधड़ी की रिपोर्टो के बाद आए हैं। दरअसल एक ही व्यक्ति के नाम और पहचान प्रमाण का इस्तेमाल करके हजारों से अधिक सिम कार्ड जारी किए जाने की भी खबरे आई हैं। धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के कारण सरकार ने भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है।
- नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कर्णम सेकर ने संस्था की संरचना ओर संचालन से संबंधित असहमति के कारण अपना इस्तीफा दे दिया। यह इस्तीफा एनएआरसीएल को भारत ऋण समाधान कंपनी लिमिटेड के साथ विलय करने के प्रस्ताव के बाद आया हैं। नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी ऑफ इंडिया और आईडीआरसीएल के विलय का प्रस्ताव आईडीआरसीएल द्वारा शुरू किया गया था, जिसके अध्यक्ष भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक दिवाकर गुप्ता है।
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लेबर स्टडीज के डीन, मुंबई प्रोफेसर सत्यजीत मजूमदार को उद्यमिता को बढ़ावा देने और मजबूत करने में उनके काम के लिए एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनर, एजुकेटर और मेंटर के लिए डॉ. वी जी पटेल मेमोरियल अवार्ड 2023 प्राप्त हुआ हैं। पटेल को भारत में उद्यमिता आंदोलन के जनक के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता हैं।
- राष्ट्रपति के जी-20 निमंत्रण में भारत ने इंडिया की जगह ली।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 7 सितंबर (B) 8 सितंबर

(C) 10 सितंबर (D) 11 सितंबर

**(C)** दुनिया भर में आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या को रोकने ओर इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ द्वारा 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता हैं। इस साल 2023 को 21वां आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जा रहा हैं।




**2. हाल ही में अमेरिकी राज्य जॉर्जिया ने आधिकारिक तौर पर किस माह को हिंदू विरासत माह घोषित किया है ?**

(A) सितंबर (B) अक्टूबर

(C) नवंबर (D) दिसंबर

**(B)** अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के गवर्नर ब्रायन केम्प ने अक्टूबर को हिंदू विरासत माह घोषित किया। जॉर्जिया में रहने वाले जीवंत हिंदू-अमेरिकी समुदाय द्वारा किए गए बहुमूल्य योगदान को पहचानने और उसकी सराहना करने के लिए इसकी घोषणा की गई है। अक्टूबर के दौरान जॉर्जिया राज्य भर में हिंदू समुदाय सामूहिक रूप से अपनी विरासत का जश्न मनाएगा।



**3. हाल ही में जर्मनी किस देश के विकास के लिए 191 मिलियन यूरो प्रदान करेगा ?**

(A) बांग्लादेश (B) यूक्रेन

(C) रूस (D) श्रीलंका

**(A)** बांग्लादेश के विकास के लिए जर्मनी 191 मिलियन यूरो की मदद प्रदान करेगा। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि जर्मनी सतत विकास परियोजनाओं और महिला सशक्तिकरण के लिए बांग्लादेश को 191 मिलियन यूरो प्रदान करेगा। इस संबंध में जर्मनी और बांग्लादेश ने ग्रीन और जस्ट एनर्जी ट्रांजिशन, सतत शहरी विकास, सतत आपूर्ति श्रृंखला, जैव विविधता और महिला सशक्तीकरण के साथ-साथ कॉक्स में मेजबान और विस्थापित समुदायों के समर्थन पर केंद्रित परियोजनाओं के साथ दो द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



**4. हाल ही में सात्विक सोलर रोप्स ने किसे अपना राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर बनाया है ?**

(A) रोहित शर्मा (B) अक्षय कुमार

(C) रवींद्र जड़ेजा (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** सात्विक सोलर भारत की अग्रणी नवीरकणीय ऊर्जा कंपनी जो प्रीमियम गुणवत्ता वाले सौर मॉड्यूल बनाती है, और परियोजनाएं विकसित करती है, कंपनी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रवींद्र जड़ेजा को शामिल करने की घोषणा की हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य देश की परिवर्तनकारी हरित अर्थव्यवस्था को शक्ति प्रदान करते हुए विविध लक्षित दर्शकों के बीच ब्रांड जागरूकता बढ़ाना है।




**5. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने के लिए सबल योजना शुरू की है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) हिमालच प्रदेश

(C) तेलंगाना (D) राजस्थान

**(B)** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने के लिए सबल योजना शुरू की हैं। इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा हिमालच प्रदेश मुख्यमंत्री सबल योजना को शुरू करने के साथ ही शिक्षक और बच्चों के लिए अन्य कार्यक्रम भी लॉन्च किए गए।



**6. हाल ही में किसे डॉ वी जी पटेल मेमोरियल अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया है ?**

(A) सत्यजीत मजूमदार (B) जयेश सैनी

(C) डायने क्रूगर (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लेबर स्टडीज के डीन, मुंबई प्रोफेसर सत्यजीत मजूमदार को उद्यमिता को बढ़ावा देने और मजबूत करने में उनके काम के लिए एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनर, एजुकेटर और मेंटर के लिए डॉ. वी जी पटेल मेमोरियल अवार्ड 2023 प्राप्त हुआ है। पटेल को भारत में उद्यमिता आंदोलन के जनक के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है।



**7. हाल ही में जल जीवन मिशन ने कितने करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करने की उपलब्धि हासिल की है ?**

(A) 10 (B) 12

(C) 13 (D) 14

**(C)** जल जीवन मिशन ने 13 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन प्रदान करके एक नई उपलब्धि हासिल की हैं। 15 अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत के समय केवल 3.23 करोड़ घरों में ग्रामीण नल कनेक्शन थे, जो 4 वर्षो में बढ़कर 13 करोड़ पर पहुंच चुका है। मंत्रालय ने एक अधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर सेकंड में एक नल जल कनेक्शन स्थापित किया जा रहा है।




**8. हाल ही में किस बैंक ने डिजिटल रूपये में यूपीआई इंटर ऑपरेबिलिटी की शुरूआत की है ?**

(A) SBI (B) PNB

(C) BOB (D) RBI

**(A)** भारतीय स्टेट बैंक ने अपने डिजिटल रूपी में यूपीआई इंटर ऑपरेबिलिटी की शुरूआत की है, जिसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के रूप में भी जाना जाता है। यह कदम सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी को यूपीआई प्लेटफॉर्म से जोड़ता हैं। यह सुविधा एसबीआई द्वारा ई-रूपी ऐप के जरिये एक्सेस की जा सकती है।




**9. हाल ही में खबरों में देखा गया भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य से संबंधित है ?**

(A) कर्नाटक (B) राजस्थान

(C) छत्तीसगढ़ (D) तेलंगाना

**(C)** हाल ही में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य को बाघ अभयारण्य के रूप में नामित करने की मांग की गई थी। भोरमदेव वन्यजीव अभयारण्य छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में स्थित हैं। यह वन्यजीव अभयारण्य फेन और संकरी नदियों का उदगम स्थल है।




**10. हाल ही में अमित एस. तेलंग को किस देश में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है ?**

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) गुयाना

(C) इंग्लैंड (D) जिम्बाब्वे

**(B)** अमित एस. तेलंग वर्तमान में फ्रैंकफर्ट स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत, को सहकारी गणराज्य गुयाना में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया हैं। भारत के भले ही किसी कोने में आप रह रहे हों, जनता से रिश्ता वेबसाइट पर आपके राज्य की हर छोटी बड़ी खबर मिलेगी।

